करेंट अफेयर्स 25 मई:शील नागू मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस बने, कांस फिल्म फेस्टिवल में अनासुया सेनगुप्ता ने बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड जीता

आर्चरी वर्ल्ड कप में भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने गोल्ड जीता। अडाणी पोर्ट्स BSE इंडेक्स में शामिल होने वाली ग्रुप की पहली कंपनी बनी। वहीं, 80 साल बाद अमेरिकी पनडुब्बी का मलबा मिला।

आइए आज के ऐसे ही प्रमुख करंट अफेयर्स पर नजर डालते हैं, जो सरकारी नौकरियों की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स के लिए अहम हैं...

नियुक्ति (APPOINTMENT)

1. शील नागू मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के कार्यकारी चीफ जस्टिस बने: 25 मई को जस्टिस शील नागू ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने चीफ जस्टिस रवि विजयकुमार मलिमठ की जगह ली, जो 24 मई को रिटायर्ड हुए।

- शील नागू ने 5 अक्टूबर 1987 को वकील के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी।
- जस्टिस शील नागू 27 मई 2011 को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के एडिशनल जज के रूप में नियुक्त हुए थे।
- 23 मई 2013 को शील नागू को परमानेंट जज के रूप में नियुक्त किया गया।
- वह मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच में भी जस्टिस के रूप में काम कर चुके हैं।
- वह 29 अक्टूबर 2021 तक मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे।

अवॉर्ड (AWARD)

2. अनासुया सेनगुप्ता ने कांस में इतिहास रचा: 25 मई को 77वें कांस फिल्म फेस्टिव में कोलकाता की रहने वाली एक्ट्रेस अनासुया सेनगुप्ता ने बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड अपने नाम किया। वो कांस के इतिहास की पहली भारतीय एक्ट्रेस हैं, जिन्हें इस अवॉर्ड से नवाजा गया है।

- अनासुया सेनगुप्ता कान्स फिल्म फेस्टिवल में अन सर्टेन रिगार्ड सेगमेंट में बेस्ट एक्ट्रेस चुनी गई हैं।
- अनासुया को यह अवॉर्ड फिल्म 'द शेमलेस' में उनकी परफॉर्मेंस के लिए मिला है।
- 'द शेमलेस' को बल्गेरियाई डायरेक्टर कॉन्स्टेंटिन बोजानोव ने डायरेक्ट की है।
- इस फिल्म में अनासुया ने सेक्स वर्कर का रोल प्ले किया है।
- जो एक पुलिसकर्मी को चाकू मारने के बाद दिल्ली के वेश्यालय से भाग जाती है।
- 1939 में फ्रांस के कांस शहर में 'कांस फिल्म फेस्टिवल' की शुरुआत हुई थी।
- कांस फिल्म फेस्टिवल का मकसद अलग-अलग तरह की फिल्मों और सिनेमेटोग्राफी को बढ़ावा देना है।

स्पोर्ट्स (SPORTS)

3. भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने गोल्ड जीता: 25 मई को साउथ कोरिया के येचिओन में चल रहे वर्ल्ड कप स्टेज-2 आर्चरी के कंपाउंड में भारतीय महिला टीम ने गोल्ड जीता है। वहीं मिक्स्ड टीम में भारत को सिल्वर मेडल मिला है।

- विमेंस फाइनल में ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी की भारतीय तिकड़ी ने तुर्की की हेजल बुरुन, आयसे बेरा सुजर और बेगम की तिकड़ी को 232-226 से हराया।
- भारतीय तिकड़ी की लगातार वर्ल्ड कप में तीसरा गोल्ड है।
- इससे पहले इस तिकड़ी ने इसी साल शंघाई में हुए वर्ल्ड कप स्टेज-1 में इटली को हरा कर गोल्ड जीता था।
- इससे पहले पिछले साल पेरिस में हुए वर्ल्ड कप स्टेज-4 में भी गोल्ड जीता था।
- मिक्स्ड टीम को अमेरिका से हार का सामना करना पड़ा, और सिल्वर मेडल से संतुष्ट होना पड़ा।

- ज्योति सुरेखा वेन्नम और प्रियांश की जोड़ी को कंपाउंड मिक्स्ड में अमेरिका की ओलिविया डीन और सॉयर सुलिवन की जोड़ी ने हराया।

बिजनेस (BUSINESS)

4. अडाणी पोर्ट्स BSE इंडेक्स में शामिल होने वाली ग्रुप की पहली कंपनी बनी: 24 मई को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) ने अडाणी ग्रुप की पोर्ट कंपनी 'अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन' को बेंचमार्क इंडेक्स BSE सेंसेक्स में शामिल करने की घोषणा की। यह बदलाव अगले महीने जून की 24 तारीख से प्रभावी होगा।

- अडाणी पोर्ट्स ने पिछले एक साल में 95% से ज्यादा का रिटर्न दिया।
- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) के निफ्टी 50 में अडाणी एंटरप्राइजेज और अडाणी पोर्ट्स दोनों ही शामिल हैं।
- अडाणी पोर्ट्स भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट पोर्ट ऑपरेटर और एंड-टु-एंड लॉजिस्टिक्स प्रोवाइडर है।
- इसके 13 पोर्ट और टर्मिनल देश की पोर्ट कैपेसिटी का करीब 24% का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसकी कैपेसिटी 580 MMTPA है।
- पहले इसका नाम गुजरात अडाणी पोर्ट लिमिटेड (GAPL) था।
- सेंसेक्स बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का बेंचमार्क इंडेक्स है, जो देश की टॉप 30 कंपनियों को ट्रैक करता है।
- सेंसेक्स का कैलकुलेशन फ्री-फ्लोट कैपेटलाइजेशन के आधार पर किया जाता है।

इंटरनेशनल (INTERNATIONAL)

5. 80 साल बाद अमेरिकी पनडुब्बी का मलबा मिला: 23 मई को अमेरिका की नेवी हिस्ट्री एंड हेरिटेज कमांड (NHCC) के मुताबिक अमेरिका की सबसे मशहूर पनडुब्बियों में से एक USS हार्डर का मलबा 80 सालों बाद मिला। यह मलबा साउथ चाइना सी में खोजा गया है।

- यह दूसरे विश्व युद्ध के दौरान 29 अगस्त 1944 दुश्मनों के हमले में डूब गई थी।
- इस पर 79 क्रू सदस्य सवार थे, जिनकी मौत हो गई थी।
- पनडुब्बी का मलबा फिलिपींस के द्वीप लुज़ॉन से 3 हजार फीट नीचे मिला है।
- NHCC ने बताया कि हमले के बाद 80 साल तक डूबे रहने के बावजूद पनडुब्बी का ज्यादातर हिस्सा जुड़ा हुआ है।
- बने से पहले अमेरिका इस सबमरीन का इस्तेमाल फिलीपींस को जापानी सेना के कब्जे से वापस लेने में कर रहा था।
- यह अमेरिका की वही सबमरीन थी, जिसने दूसरे विश्व युद्ध के दौरान सबसे ज्यादा जापानी युद्धपोतों को डुबोया था।

आज का इतिहास (TODAY'S HISTORY)

25 मई का इतिहास: 1915 में आज के दिन ही महात्मा गांधी ने सत्याग्रह आश्रम की स्थापना की थी। 1915 में वह दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटे थे। उनकी इच्छा अपने परिवार के साथ रहने की थी। इसके लिए उन्होंने अहमदाबाद के कोचराब में अपने एक मित्री के बंगले को आश्रम का रूप दे दिया। 2 साल बाद 1917 में इस आश्रम को साबरमती नदी के किनारे बसाया गया, जिसकी वजह से इसे 'साबरमती आश्रम' नाम दिया गया।

- 2006 में NASA ने मौसम उपग्रह GOESN को अंतरिक्ष में भेजा था।
- 2005 में बॉलीवुड के मशहूर एक्टर और राजनेता सुनिल दत्त का निधन हुआ था।
- 2003 में चिली ने पहली बार टेनिस में वर्ल्ड कप जीता था।
- 1995 में अमेरिकी वैज्ञानिकों को पहली बार जीवित जीव के DNA को डीकोड करने में सफलता मिली थी।
- 1978 में उड़ीसा के पूर्व मुख्यमंत्री बीरेन मित्रा का निधन हुआ था।
- 1886 में मशहूर वकील और शिक्षाविद रास बिहारी बोस का जन्म हुआ था।
- 1831 में मशहूर उर्दू शायर दाग देहलवी का जन्म हुआ था।

www.examsbuddy.in | www.examsbuddy.in